

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# जमानत पर बाहर आने के बाद बनाने लगे असलाह, दो बदमाश गिरफ्तार

## दिसंबर में खेत पर काम कर रहे दो किसानों के पैर में मारी थी गोली, भेजे गए थे जेल

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** बदमाशों ने थाना कादरचौक क्षेत्र में खेत पर काम कर रहे दो किसानों के पैर में गोली मारकर दहशत फैलाई गई थी। गोली मारने के बाद बदमाशों ने उनके इलाज के लिए पास में ही कुछ रुपये भी रखे थे। पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेजा था। जमानत पर जेल से बाहर आने पर आरोपियों ने असलाह बनाने का काम शुरू कर दिया। पुलिस ने दोनों को अवैध असलाह बनाते समय गिरफ्तार किया। जिनके पास से निर्मित और अर्द्धनिर्मित असलाह व असलाह बनाने के उपकरण बरामद हुए। दोनों आरोपियों को भेज भेजा गया है।

कादरचौक क्षेत्र में 28 दिसंबर 2023 की बदमाशों ने गांव लभारी निवासी दाताराम और गांव गढ़िया निवासी मुनेश के पैर में गोली मारी थी। घायल किसानों के इलाज कराने की बात कहते हुए मौके पर रुपये छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की थी। जिला कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव नियाजी नगला निवासी इरफान पुत्र हाकिम हुसैन, गांव डढईया नगला निवासी ज्ञान सिंह पुत्र दयाराम समेत तीन आरोपियों गिरफ्तार किया था। जिन्होंने क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए तमंचे से किसानों को गोली मारने की बात कबूल की थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेजा था। कुछ दिनों के बाद आरोपी जमानत पर रिहा हुए। लोकसभा चुनाव के दौरान सप्लाई करने के लिए असलाह बनाने का काम शुरू कर दिया था। पुलिस ने गुरुवार रात डेढ़ बजे गांव धोबी नगला के पास खैर के जंगल में दबिश दी। जहां से इरफान और ज्ञान सिंह को गिरफ्तार किया। जिनके पास से एक रायफल, एक बंदूक, तीन तमंचे, तीन अर्द्धनिर्मित तमंचा, तमंचे की नाल के अलावा असलाह बनाने के उपकरण बरामद हुए।



बदमाशों के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव।

- गोली मारने के आरोप में जमानत पर बाहर आकर जंगल में संचालित की थी असलाह फैक्ट्री

### दोनों बदमाशों पर कई आपराधिक मामले दर्ज

असलाह बनाना, किसानों पर जानलेवा हमला, अपहरण करके लूट करना व हत्या करके दहशत फैलाना दोनों आरोपियों का पेशा है। आरोपी ज्ञान सिंह पर हत्या, बलवा, जानलेवा हमला आदि के अलावा इरफान पर गोवध निवारण अधिनियम, हत्या, अपहरण, लूट, आबकारी अधिनियम, चोरी, जानलेवा हमला आदि की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। प्रेस वार्ता करके एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने घटना का खुलासा किया। सीओ उझानी शक्ति सिंह मौजूद रहे। गिरफ्तार करने वाली टीम में कादरचौक थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह, उपनिरीक्षक हरगोविंद सिंह, हेड कांस्टेबल विकास कुमार व प्रवेंद्र कुमार और कांस्टेबल आकाश चौहान व रमाकांत रहे।

# दुकान की दीवार काटकर लाखों का का अनाज चोरी

**वजीरगंज, अमृत विचार :** चोरों ने मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर थाना वजीरगंज क्षेत्र के गल्ला व्यापारी की दुकान को निशाना बनाया। दीवार काटकर लाखों रुपये के अनाज और रुपये अनाज चोरी कर लिया। पीड़ित व्यापारियों ने तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू की। वजीरगंज क्षेत्र में लगातार हो रहीं घटनाओं से लोगों में दहशत है।

वजीरगंज कस्बा निवासी वीरपाल, बॉबी और नन्हें लाल साझे में राजमार्ग किनारे गल्ला खरीदने और बेचने का काम करते हैं। गुरुवार रात चोरों ने उनकी दुकान की दीवार काट ली। दुकान में रखी 11 बोरी सरसों, एक कट्टा बाजरा, एक कट्टा मसूर, चार कट्टा गेहूं और गुल्लक में रखे 600 रुपये चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह टहलने गए लोगों ने दुकान की दीवार कटी देखी तो तीनों व्यापारियों को फोन करके जानकारी दी। व्यापारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। व्यापारियों की ओर से तहरीर दी गई है।

# 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान, परेशान हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अप्रैल माह में सबसे अधिक गर्म रहा शुक्रवार का दिन, गर्म हवाओं ने बढ़ाई मुसीबत
- लू से बचाव को प्रशासन ने जारी किया अलर्ट, बचाव रखने को लेकर की अपील

**अमृत विचार:** अप्रैल माह में ही जेठ की गर्मी का अहसास लोगों को होने लगा है। दिन में गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर रहीं हैं। 12 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटे वाली स्थिति बन जा रही है। लोग धूप से बचने के लिए लोग छांव की तलाश करने लग जाते हैं। साथ ही ठंडे पेय पदार्थों से गला तर गर्मी से बचाव की कोशिश की जा रही है। मौसम में आए अचानक परिवर्तन की वजह से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। शुक्रवार को दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

अप्रैल शुरू होते ही गर्मी प्रचंड दौर की ओर बढ़नी शुरु हो गई थी। तापमान धीरे धीरे ऊपर चढ़ता गया। जो कि 40 के करीब पहुंच गया। पिछले दिनों मौसम विभाग द्वारा दी गई बारिश की चेतावनी के दौरान तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस पर आकर रुक गया था। लेकिन मौसम विभाग द्वारा जारी की गई चेतावनी का समय गुजर जाने के बाद तापमान बढ़ने की रफ्तार तेज हो गई। तापमान 40 से ऊपर चला गया। शुक्रवार को दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान करके रख दिया। वह गर्म हवाओं से बचने को छांव ढूंढ़ते नजर आए। वहीं शुक्रवार की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने भी अलर्ट जारी किया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने बताया कि गर्मी बढ़ रही है। लोगों को लू से बचाने को आवश्यक कदम उठाने होंगे।

### सप्ताह भर तापमान की स्थिति

- 13 अप्रैल 39 सेल्सियस
- 14 अप्रैल 32 सेल्सियस
- 15 अप्रैल 35 सेल्सियस
- 16 अप्रैल 35 सेल्सियस
- 17 अप्रैल 37 सेल्सियस
- 18 अप्रैल 37 सेल्सियस
- 19 अप्रैल 42 सेल्सियस।

## एक नजर

### पेड़ से टकराई बाइक, दिल्ली निवासी युवक की मौत

**बदायूं।** दिल्ली के जीवन पार्क समयपुर बादली निवासी रोहित सिंह अपने बड़े भाई राहुल सिंह के साथ दिल्ली में कपड़े का व्यापार करते हैं। बुधवार को दोनों भाई थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव सिंगथरा निवासी बुआ के घर आए थे। जहां देवी जागरण था। गुरुवार शाम दोनों भाई किसी काम से कस्बा सैदपुर गए थे। जहां से बाइक से वापस लौटते समय गांव सिंगथरा के पास सड़क पर छुट्टा गोवंश आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में उनकी बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने रोहित सिंह को रेफर कर दिया। उन्हें बरेली ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में रोहित सिंह ने दम तोड़ दिया। राहुल का इलाज चल रहा है।

### बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मानसिक बीमार बालिका बुधवार दोपहर घर के बाहर टहल रही थी। गांव निवासी व्यक्ति ने उसे पकड़ा और अपने घर ले जाकर बंद कर दिया। किसी ग्रामीण ने छत से व्यक्ति को बालिका के साथ दुष्कर्म करते देखा तो उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। बालिका के कपड़े फटे थे। वह बदहवास थी। परिजनों ने आरोपी रामफल को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके गुरुवार को जेल भेज दिया गया है।

### किशोरी को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**उघैती।** थाना उघैती क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की नाबालिग बेटी पड़ोस के गांव में किताबें खरीदने गई थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें ईस्ट दिल्ली निवासी इमरान अली पर बेटी को ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दिल्ली से किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बरात को विदा कर सोया परिवार, रात को लगी आग

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** पुत्री की शादी कर उसकी विदाई करने के बाद एक घर में रात को अचानक आग लग गई, जिससे पूरा घर जलकर राख हो गया। करीब 50 हजार की नकदी और 40 हजार का अनाज राख हो गया। एक बकरी भी आग में जल कर मर गई और घरेलू सामान जल कर राख हो गया। हल्का लेखपाल ने पीड़ित के नुकसान का आकलन किया है।

कस्बा निवासी प्रमोद कश्यप की पुत्री की शादी थी। घर में रिश्तेदार भी रुके हुए थे। गुरुवार को पुत्री की शादी करके बरातियों की विदाई कर दी गई। रात को परिवार के लोग सो रहे थे। तभी घर के पीछे आग जलती दिखाई दी। आग की लपटें उठने से घर के लोग जाग गये। गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मकान के आगे पड़े छप्पर में आग की लपटें उठने लगीं। आग की लपटें काफी ऊंची उठ रहीं थीं जिससे उस पर काबू भी नहीं पाया जा सका। रात 11 बजे लगी आग के बाद घर के लोग बाहर भाग खड़े हुए। घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

आग लगने से सिलाई मशीन, कपड़े, बाइक, एक बकरी, 50 हजार की नकदी, व 15 कुंटल गेहूं जलकर खाक हो गए। जैसे तैसे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। तब तक सारा सामान चलकर खाक हो चुका था। आग लगने से शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं। लेखपाल रिजवान ने मौके पर जाकर देखा आग लगने से हुए नुकसान का आकलन किया है। पीड़ित के घर की काली दीवारें काली दिख रहीं हैं।


आग से जलकर राख हुआ सामान।

- नकदी, अनाज सहित लाखों का सामान जलकर हुआ राख

# एसडीएम ने रुकवाया तालाब में मिट्टी डालने का काम

**उघैती, अमृत विचार :** प्रशासन की सख्ती के बावजूद तालाब पर कब्जा करने के लिए पाटा जा रहा है। दम्मीनगर गांव में ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने तालाब पाटने का काम रुकवा दिया है, लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

बिल्सी तहसील की ग्राम पंचायत खंडवा के मजरा दम्मीनगर में तालाब को मिट्टी डालकर पाटा जा रहा था। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान नन्हीं देवी एवं ग्रामीणों ने हल्का पर तैनात लेखपाल से की। शिकायत के बावजूद लेखपाल ने कार्रवाई नहीं की, तो ग्रामीणों ने लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए एसडीएम बिल्सी प्रवर्धन शर्मा से की। शिकायत मिलने के बाद एसडीएम ने लेखपाल को तत्काल जांच कर मिट्टी डालने का काम रुकवाने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल लेखपाल ने काम रुकवा दिया है, लेकिन इस मामले में कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी है।

# बस की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** टंकी फिटिंग का काम करने ककराला जा रहे बाइक सवारों को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। बाइक पर पीछे बैठे युवक का सिर रोडवेज बस के पहिया से कुचल गया। उसकी मौके पर मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। बस को कोतवाली में खड़ा कराया गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मीरा सराय के काशीराम कॉलोनी निवासी चंद्रपाल कश्यप (45) पुत्र जालिम प्लंबर थे। वह आसपास क्षेत्रों में जाकर टंकी फिटिंग का काम करते थे। शुक्रवार सुबह वह ककराला क्षेत्र के एक गांव में काम करने के लिए बाइक से जा रहे थे। उनके साथ शहर के मोहल्ला कबूलपुरा निवासी वीरपाल भी थे। वीरपाल बाइक चला रहे थे। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार से आई रोडवेज बस की चपेट में आ गए। चंद्रपाल का सिर कुचल गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वीरपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शिनाख्त करके मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- ककराला जाते समय ओवरब्रिज से उतरते ही हुआ हादसा
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कोतवाली में खड़ा करा लिया


रोडवेज बस से टक्कर के बाद मौके पर पड़ी बाइक व युवक।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक चंद्रपाल के परिजन। ● अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से शादी समारोह से लौट रहे युवक की मौत

**बदायूं।** शादी समारोह में दावत खाकर लौट रहे बाइक सवार को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे जिला अस्पताल लेकर आई। जहां चिकित्सक द्वारा रेफर किए जाने के बाद युवक के परिजन उसे बरेली ले जा रहे थे। रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन अंतिम संस्कार के बाद अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर देंगे। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव नगला खिमाई निवासी सत्यवीर सिंह (40) पुत्र राम भरोसे गुरुवार को थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव कुड़िया लभारी निवासी अपने रिश्तेदार के यहां शादी के समारोह में दावत खाने गए थे। दावत खाने के बाद वह देर शाम बाइक से वापस लौट रहे थे। कुड़िया लभारी से गांव हजरतपुर मार्ग स्थित ईंट भट्ठा के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सत्यवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल के परिजनों को सूचना देकर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर बताई और रेफर कर दिया। परिजन घायल को बरेली ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही सत्यवीर सिंह ने दम तोड़ दिया। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की ओर से अभी तहरीर नहीं दी गई है।


सत्यवीर सिंह।

## चिकित्सक की सलाह

लगातार बढ़ता जा रहा है तापमान, बिना काम के घरों के बाहर न जाएं लोग

# पूरी आस्तीन की पहनें शर्ट, ठंडे पानी से करें परहेज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आसमान से सूरज आग उगल रहा है। जिससे गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। गर्मी बढ़ने से बीमारियां भी शुरू हो गई हैं। बुखार व अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग जिला अस्पताल की ओर दौड़ लगा रहे हैं। श्वास के मरीजों को यह मौसम दुखद है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि इस मौसम में पूरी आस्तीन की शर्ट पहनें, शीतल पेयपदार्थ न लें। हरी सब्जियां खाएं और ताजा भोजन ही करें।

अप्रैल के महीने में इतनी तेज गर्मी पहले शायद ही कभी पड़ी हो, इस बार तो अप्रैल का महीना गर्मी और तपन बढ़ रहा है। तेज गर्मी शुरू हो जाने से लोग हल्के कपड़े पहन रहे हैं। हल्के कपड़ों से नुकसान अधिक हो रहा है। गर्मी से राहत पाने को शीतल पेय पदार्थ ले रहे हैं। गन्ने का ठंडा जूस खूब पिया जा रहा है। जूस पीने के कुछ देर बाद ही उन्हे परेशानी होने लगती है। सर्दी जुकाम शुरू होते ही छींक शुरू हो जाती है और फिर बुखार पकड़ लेता है। गर्मी से बचने को लोग रात को एसी चलाते हैं। कूलर का प्रयोग करते हैं। वैसे सामान्य गर्मियों में इन सब चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। और हम भी मिलती है मगर इस साल की परिस्थिति अलग है। दिन में गर्मी रहती है और शाम होते ही मौसम में नरमी शुरू हो जाती है इसलिए लोगों को सर्दी जुकाम बुखार हो रहा है। इस बार गर्मी से पैदा होने वाली बीमारियां अधिक हानिकारक साबित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वेपरवाह लोग अभी से आइसक्रीम का सेवन करने लगे हैं। अन्य पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है। जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक हानिकारक होते हैं। वहीं मौसम में बदलाव होने के चलते जिले में सर्दी-जुकाम, उल्टी-दस्त और बुखार की चपेट में आने वाले मरीज जिला अस्पताल की और दौड़ रहे हैं। इसके साथ श्वास के मरीजों को परेशानी बढ़ने लगी है। श्वास व मौसमी बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या में अस्पताल में लगातार इजाफा हो रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक अस्पताल में रोजाना सैकड़ों की संख्या में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।


मरीजों को देखते फिजिशियन डॉक्टर पंकज सिंह। ● अमृत विचार

- बुखार व अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग जिला अस्पताल की ओर लगा रहे दौड़

### शरीर में पानी की मात्रा कम नहीं होनी चाहिए

ऐसे मौसम में चिकित्सक पंकज सिंह ने मरीजों को सलाह देते हुए कहा कि अभी फुल आस्तीन की शर्ट पहनें, ठंडे पेय पदार्थ न लें। तेज धूप में यदि जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें, और यदि बाहर जाना है तो छाता लेकर बाहर जाएं। हरी सब्जियों का सेवन करें और ताजा खाना खाएं। कटहल और भिंडी की सब्जी से परहेज करें। रात के समय एसी कूलर न चलाएं। गर्मी में पंखा ही चलाएं। उन्होंने कहा कि गर्मी में लोग ठंडा पानी पीते हैं। गन्ने का जूस पीते हैं इससे शरीर में दिक्कत होती है और बीमारी हावी हो जाती है। इसलिए सावधानी बरतें। बदलते मौसम में सामान्य पानी पिएं व ठंडे पानी से परहेज करें, जबकि हर घंटे पर पानी पीते रहें। इस समय शरीर में पानी की मात्रा कम नहीं होनी चाहिए। श्वास के मरीज खेतों पर या धूप में बाजार न जाएं। बाहरी वातावरण की धूल से बचें। किसी तरह की दिक्कत होने पर डॉक्टर को दिखाएं और दवाएं लें। इस समय लापरवाही किसी तरह ठीक नहीं है।

# बिल्सी में जगह-जगह फैली गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बड़ा

**बिल्सी, अमृत विचार :** देश भर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का अभियान चल रहा है। लेकिन नगर में फैली गंदगी ने इस अभियान की पोल खोल कर रख दी है, नगर का कोई मोहल्ला या गली ऐसी नहीं बची है जहां गंदगी के देर ना लगे हों, या फिर नाली नालियों में कीचड़ न हो। भीषण गंदगी के बीच जीवन व्यतीत कर रहे लोगों को संक्रामक रोगों के फैलने का डर बना हुआ है। उसकी वजह यह है कि मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि रात को लोग चैन से सो तक नहीं पा रहे हैं। लेकिन नगर पालिका परिषद प्रशासन की सेहत पर का कोई असर नहीं है। इस बात को लेकर लोगों में नाराजगी है।

नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा सफाई व्यवस्था पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नागरिकों का आरोप है कि कई गालियां और मोहल्ले ऐसे हैं जहां पर कई कई दिन तक सफाई नहीं की जाती है और न कूड़ा उठाया जाता है। गंदगी के कारण लोगों का इस गर्मी में सांस लेना भी दुश्वार हो गया है। लोगों ने बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा कुछ ही स्थान पर सफाई कराई जाती है, बाकी स्थानों पर गंदगी फैली ही रहती है।

# डॉक्टरों के आवासों पर फार्मासिस्टों का कब्जा

संवाददाता, वजीरगंज

- आवास बिना बिगड़ रही सेहत बसों में खाने पड़ रहे धक्के
- सीएमओ से शिकायत के बाद नहीं हो सका आवास आवंटन

**अमृत विचार :** सेहत महकमे के अफसरों की लापरवाही की वजह से सीएचसी पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। अस्पताल में बने चिकित्सक आवासों पर फार्मासिस्टों ने कब्जा कर रखा है। अस्पताल में तैनात दंत चिकित्सक को जिला मुख्यालय से अस्पताल तक रोजाना दौड़ लगानी पड़ रही है। चिकित्सक ने परेशान होकर स्थानीय एमओआईसी तथा सीएमओ को दो बार पत्राचार कर आवास आबंटन की गुहार लगाई। लेकिन मनमानी की बजह से अभी तक आवास आबंटन नहीं हो सका है। जिससे डॉक्टर खासे परेशान हैं।

कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लंबे अरसे से दंत चिकित्सक मनोज कुमार की तैनाती है। यहां वह दंत संबंधी रोगियों का इलाज़ करते हैं। चिकित्सक का आरोप है कि अस्पताल में चार चिकित्सक आवास बने हुए हैं। जिनमें से दो आवासों में तो डॉक्टर रह रहे हैं जबकि अन्य दो आवासों पर अस्पताल में तैनात फार्मासिस्टों ने कब्जा कर रखा है। उन्हें यहां काफी समय हो गया, है। स्थानीय स्तर पर एमओआईसी राजकुमार तथा सीएमओ स्तर पर शिकायत कर आवास आवंटन कराने की गुहार लगाई। इस संबंध में दो बार सीएमओ से पत्राचार कर आवास आवंटन कराने की मांग की गई, मगर हर बार नतीजा सिफर ही रहा। उन्होंने बताया कि डॉक्टर के आवास में सिर्फ डॉक्टर ही रहता है, अन्य किसी भी कर्मचारी को वह आवास आवंटन नहीं हो सकता है, मगर सब मनमानी पर उतारू हैं। डॉक्टरों के मुताबिक काफी समय से आवास आवंटन की समस्या के बारे में अपने ही विभाग में कोई सुनने वाला नहीं है। जिससे वह काफी आहत और परेशान हैं।

> अस्पताल में डॉक्टर आवास के अलावा अन्य आवासों पर भी अन्य कर्मचारी अवैध रूप से कब्जा किये हुए हैं। सीएमओ को दो बार पत्र लिख कर अवगत करा चुके हैं। अब सीएमओ को रिमांइडर भेज कर अवैध कब्जा करने वाले कर्मियों से आवास खाली कराए जाएंगे।
> – डॉ. राजकुमार – एमओआईसी सीएचसी।

# ससुराल में कहासुनी के बाद युवक ने विषाक्त पदार्थ खाकर दी जान

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने ससुराल में विवाद होने के बाद विषाक्त पदार्थ खा लिया। युवक की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

कादरचौक क्षेत्र के गांव असरासी निवासी विशेष (24) पुत्र जुगेंद्र सिंह बेलदारी करते थे। गुरुवार को वह अपने ससुराल थाना उसावां क्षेत्र के गांव गौतरा गए थे। बताया जा रहा है कि वहां किसी बात को लेकर पत्नी राखी से कहासुनी हो गई थी। विशेष ससुराल से चले आए। परेशान होकर विषाक्त पदार्थ खा लिया। जब घर पर उसकी हालत बिगड़ गई तो परिजन घबरा गए। वे विशेष को जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान रात लगभग 11 बजे विशेष की मौत हो गई। सूचना मिलने पर ससुराल पक्ष विलाप करते हुए पहुंचा। परिजनों ने किसी पर कोई भी आरोप नहीं लगाया है। वहीं पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# बिना एनओसी और रजिस्ट्रेशन के आरओ प्लांट से बेचा जा रहा पानी

## बंद डिब्बों में बिक रहे पानी की शुद्धता का भी नहीं चलता है पता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ने के साथ ही ठंडे पानी की मांग तेजी से बढ़ रही है। लोगों की बढ़ती को पूरा करने के लिए शहर में नीले पीले, हरे और लाल डिब्बों में पानी बेचकर वारे-न्यारे किए जा रहे हैं। रोजाना करीब दो से ढाई लाख रुपये का पानी बेचा जा रहा है। इसके लिए आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर आरओ प्लांट लगे हुए हैं। जिनका लघु सिंचाई विभाग में रजिस्ट्रेशन तक नहीं है और न ही इनके पास एनओसी है। ऐसे में बंद डिब्बों में बिक रहा पानी शुद्ध है या नहीं इसकी जानकारी किसी के पास नहीं। सुबह से दोपहर तक गाड़ियों, ई-रिक्शा आदि से बाजार में प्रतिष्ठानों और निजी दफ्तरों के साथ घरों में सप्लाई की जाती है।

शहर में डीएम रोड, ककराला रोड, नवादा सहित छह स्थानों पर आरओ प्लांट लगे हैं। इनमें न किसी का रजिस्ट्रेशन है और न ही एनओसी इसके बाद भी ये धड़ल्ले से भूगर्भ जल का दोहन कर रहे हैं।

- **लघु सिंचाई विभाग में किसी का नहीं है रजिस्ट्रेशन और एनओसी**

जिले में संचालित आरओ प्लांट संचालकों को कई बार नोटिस जारी किया गया है। लेकिन किसी ने भी न पंजीकरण कराया है और नहीं एनओसी ली गई है। लोकसभा चुनाव के बाद अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
–कामेंद्र कुमार, **अवर अभियंता, लघु सिंचाई विभाग।**

शहर के प्रतिष्ठानों, निजी दफ्तरों और घरों में सप्लाई हो किए जा रहे डिब्बा बंद पानी शुद्ध है कि इसकी कोई गारंटी नहीं होती। आरओ का पानी कह कर बेचा जा रहा है। पानी में हानिकारक धूल, मिट्टी या जंग की मात्रा भी है कि नहीं। इसकी न कोई जांच होती है और न कोई शिकायत। सभी आंख बंद कर और डिब्बों पर भरोसा कर पानी पी रहे हैं। इस संबंध में औषधि एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अभिहित अधिकारी सी एल यादव ने बताया कि बोतल और पाउच को लेकर विभाग की ओर से जांच ही नहीं बल्कि कार्रवाई भी की जाती है। अब गर्मियां शुरु हो गई हैं। बोतल बंद और पाउच के पानी का सैंपल जल्द लिया जाएगा। आरओ प्लांट के पानी की जांच भूगर्भ जल विभाग द्वारा किया जाता है। लेकिन भूगर्भ जल विभाग जिले में ऑफिस न होने की वजह इसका जिम्मा नोडल लघु सिंचाई विभाग का रहता है।

### शहर से लेकर देहात क्षेत्र में हो रहा जल दोहन

शहर से लेकर देहात क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भू-गर्भ जल का दोहन किया जा रहा है। इसका दुष्परिणाम जनपद के ग्रामीण इलाकों में अधिक पड़ रहा है। गांवों की अधिकांश आबादी आज भी हैंडपंपों पर आश्रित है। उनका जल स्तर लगातार घट रहा है। हर साल लोगों के लिए अपने हैंडपंप की मशीन को बढ़ाना पड़ रहा है। अधिक जल दोहन की वजह से जिले के पांच ब्लॉक डार्क जोन में हैं। इनमें अंबियापुर, इस्लामनगर, आसफपुर, बिसौली और सहसवान शामिल हैं।

### बिना एनओसी संचालन पर ये है कार्रवाई का प्रावधान

भूगर्भ जल विभाग अथवा लघु सिंचाई विभाग में एनओसी के लिए करीब पांच हजार रुपये शुल्क जमा होता है, जो पांच साल के लिए होता है। बिना एनओसी व पंजीयन के आरओ वाटर प्लांट संचालित पाए जाने पर दो से पांच लाख रुपये जुर्माना और छह माह से तीन वर्ष तक कारावास के सजा का प्रावधान है। चूंकि जिले में भूगर्भ जल विभाग का ऑफिस जिले में नहीं है। इसका जिम्मा लघु सिंचाई विभाग निभा रहा है। फिलहाल लघु सिंचाई विभाग में किसी भी आरओ प्लांट का न रजिस्ट्रेशन है और न ही एनओसी दी गई है।

# बच्चों की पिटाई मामले में गठित की गई समिति

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी रोड स्थित डीपाल स्कूल में बच्चों के साथ टीचर द्वारा स्टील के स्केल से की गई पिटाई से नाराज अभिभावकों का गुस्सा फूटा। अभिभावकों की शिकायत पर तहसीलदार व कोतवाली पुलिस ने विद्यालय पहुंचकर मामला शांत कराया।

शुक्रवार को अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर अनेक मांगों को लेकर प्रबंधक की गैरमौजूदगी में प्रिंसिपल से बात की। इससे पहले अभिभावकों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया कि स्कूल में उनके बच्चों के साथ पढ़ाई में कोताही बरती जा रही है। स्कूल में स्टाफ की कमी है। जिस कारण दूसरे क्लास की टीचर बच्चों के साथ अच्छा बर्ताव नहीं कर रहे हैं।बच्चों को बेवजह पीटा जा रहा है। उक्त मामले का संज्ञान लेते हुए तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला एवं नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए, और समिति बनाकर जांच करने के निर्देश देकर अभिभावकों का गुस्सा शांत किया। तहसीलदार ने बताया 23 अप्रैल को अभिभावकों की एक मीटिंग स्कूल में रखी है जिसमे सबकी समस्याओं को सुना जाएगा।

## सार-संक्षेप

### कम राशन मिलने पर वितरण पर लगाई गई रोक



**इस्लामनगर।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव समदनगर में कोटे के दुकान पर स्टॉक रजिस्टर के अनुसार दुकान में कम राशन मिलने का वितरण अधिकारी ने आरोप लगाया है। उनके द्वारा राशन वितरण पर रोक लगाने के साथ ही कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई के लिए जांच आख्या भेजी है। गांव समदनगर में सुभाष सिंह कोटेदार है। राशन वितरण अधिकारी दिनेश कुमार ने जिला पूर्ति अधिकारी को भेजी आख्या में कहा कि माह अप्रैल गेहूं, चावल, बाजरा का वितरण कार्ड धारकों में 13 से 29 अप्रैल के मध्य कराया जाना था, जिलाधिकारी मनोज कुमार के आदेश पर वितरण अधिकारी दिनेश कुमार की मौजूदगी में लाभार्थियों को राशन का वितरण किया जाना था। शुक्रवार को वितरण अधिकारी दिनेश कुमार कोटेदार की दुकान पर पहुंचे और उन्होंने प्रधान पति राधे श्याम की मौजूदगी में राशन का सत्यापन किया। वितरण अधिकारी का आरोप है की स्टॉक रजिस्टर के अनुसार दुकान में दो कुंतल चावल और 50 किलो गेहूं कम पाया गया है।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने किया प्रतिभाग

**बदायूं।** मदर एथीना स्कूल द्वारा प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा कविता लेखन, निबंध लेखन, एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें कविता लेखन में कक्षा 9 से अग्रिम दत्त भारद्वाज, पोस्टर मेकिंग में कक्षा 9 व से शुभी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने को अंतिम चरण हेतु केंद्रीय विद्यालय शेखूपुर में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया । जहां जिले के अन्य विद्यालयों के चयनित बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शुभी गुप्ता ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने शुभी गुप्ता को बधाई और प्रोत्साहन देते हुए बताया कि छात्र छात्राओं में छिपी प्रतिभा को निखारने को इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जो छात्र छात्राओं के भविष्य को जरूरी है।

### बाबा खाटू श्याम को लगाए गए छप्पन भोग, प्रसाद बांटा

**करियामई।** विकास खंड इस्लामनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोरहा स्थित प्राचीन खाटू श्याम मंदिर पर शुक्रवार को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की कामदा एकादशी के अवसर पर खाटू श्याम श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कामदा एकादशी पर मंदिर को फूलों व गुब्बारों से सजाया गया। ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ क्षेत्र के विभिन्न शहरों से आए भक्त भक्ति में रंगे हुए दिखे। जिनका मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भक्तों के द्वारा खाटू नरेश को छप्पन भोग लगाए गए। महंत ओमप्रकाश ने बताया की कामदा एकादशी के व्रत रखने से भक्तों के सभी मनोरथ पूरे होते हैं । शरीर निरोगी रहता है। जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है। महंत द्वारा बाबा श्याम की महा आरती की गई। प्रसाद वितरण किया गया। श्याम प्रेमी सुधीर गुरुजी, बबलू गुरु जी, मोनू गुरुजी, बिजेंद्र पाठक गरुजी, सोनू चौहान, हिमांशु गुप्ता, अभ्यांशु शर्मा, कार्तिक शर्मा, देवेंद्र ठाकुर, उमेश ठाकुर,विजेंद्र सिंह ठाकुर, हरि भगवान गुप्ता,डॉ प्रताप सिंह, डॉ. अनिल सिंह, विनीत शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा आदि श्याम प्रेमियों ने मंदिर पर बाबा का आशीर्वाद लिया।

### झांकियां देखकर झूम उठे दर्शक, मेले में जुटी भीड़

**उघैती।** उघैती के बाजार परिसर में आयोजित रामनवमी मेला के दूसरे दिन भी सुंदर झांकियों को नगर भ्रमण कराया गया। काली का अखाड़ा देख दर्शक हतप्रभ रह गए। नगर वासियों द्वारा काली की पूजा की गई। काली अखाड़ा सहित अन्य कई झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। यहां पर रामनवमी मेला में कमेटी की ओर से चौथे दिन भगवान शिव पार्वती सहित तमाम देवी देवताओं की झांकियां निकली गईं। झांकियों को देखने के लिए मेले में लोगों की भारी भीड़ लगी रही। वहीं काली के अखाड़े की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। लोगों द्वारा काली की पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद मांगा गया।

### सिरतौल में हुआ कान्हा के जन्म की लीला का मंचन

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव सिरतौल में चल रहे लक्ष्मी नारायण यज्ञ के उपलक्ष्य में फुलवार मंदिर पर बृहस्पतिवार की रात श्रीकृष्ण रासलीला का मंचन वृंदावन से आए बाल कलाकारों द्वारा शुरू किया गया। कलाकारों द्वारा किए मंचन से सभी लोग मंत्रमुग्ध हो उठे। श्रीकृष्ण जन्म के अलावा कलाकारों ने पूतना वध का भी मंचन सुंदर ढंग से किया। रासलीला की शुरुआत में आरती का कार्यक्रम हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद कलाकारों ने मंचन करते हुए दिखाया कि नंद के घर जब भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उल्लास था तो ब्रज में नंद के घर जमकर खुशियां मनाई गईं। बधाई गीत से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर तिलकेश गुप्ता, कपिल गुप्ता, सर्वेश उपाध्याय, अमन कुमार शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, पवन उपाध्याय, अमित उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### 26 को होगी क्षत्रिय स्वाभिमान महापंचायत

**दबतरा।** बिसौली विधानसभा क्षेत्र ग्राम दवतोरी में क्षत्रिय संगठनों के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में जनरल लोगों के टिकट काटे जाने के विरोध में 26 अप्रैल को क्षत्रिय स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। महापंचायत में राष्ट्रवादी प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर ललित राणा, राष्ट्रवादी प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह, किसान मजदूर संगठन एवं राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के ठाकुर राकेश सिंह रघुवंशी, प्रदेश अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर लखन प्रताप सिंह चौहान, प्रदीप चौहान प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी ठाकुर अजीत राणा, राजवीर सिंह सिसोदिया, डीके ठाकुर, सिंगर विक्रांत ठाकुर, सिंगर राहुल ठाकुर, सिंगर उपेंद्र सिंह राणा, आदि सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं।

### इलाज नहीं कराने पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**कछला।** नगर के वार्ड संख्या 3 निवासी कल्लू पुत्र चीकू शर्मा ने उझानी कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गंगा घाट पर धार्मिक अनुष्ठान कराने व अस्थियां विसर्जन कराने पर उसे दक्षिणा मिलती है। दक्षिणा मिलने पर चंचल पत्नी सतीश व सतीश पुत्र दुर्वेश उससे हिस्सा मांगते हैं। हिस्सा नहीं देने पर उसके साथ मारपीट करते हैं। 24 मार्च को उपरोक्त दोनों लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर दी, जिसमें पीड़ित का एक हाथ टूट गया। जिसका कि कुछ स्थानीय लोगों ने इलाज कराने की शर्त पर फैसला करा दिया। इसके बावजूद आरोपी ने इलाज नहीं कराया है।

# चारा लेने खेत पर गई किशोरी से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 साल की बहन 5 अप्रैल दोपहर 3 बजे पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गई थी। जहां पहले से तीन युवक मौजूद थे। जिन्होंने उनकी बहन को जबरदस्ती उठाया और पास में गन्ने के खेत में ले गए। असलाह के बल पर बारी-बारी से तीनों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। । पीड़िता के भाई ने तहरीर में बताया कि वारदात के बाद युवकों ने किशोरी से धमकी देकर कहा कि अगर किसी से शिकायत की तो वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़िता के भाई के तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **गन्ना खेती के सर्वे कराने को दिया गया प्रशिक्षण**

**अमृत विचार :** शुक्रवार को सहकारी गन्ना विकास समिति सभागार में मिल सर्वे एवं गन्ना पर्यवेक्षक का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वेक्षण नीति के अनुसार सुचिता पूर्वक सर्वेक्षण कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार ने गन्ना आयुक्त द्वारा जारी नए पेराई सत्र हेतु सर्वेक्षण नीति के अनुसार सुचिता पूर्व सर्वेक्षण कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। चीनी मिल बिसौली के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक पूरी निष्ठा के साथ सर्वे पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। आईटी हेड द्वारा गन्ना सर्वेक्षण हेतु तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। एससीडीआई द्वारा नए सदस्य बनाने एवं उपज बढ़ोतरी हेतु 30 सितंबर से पूर्व रसीद कटवाने की जानकारी दी गई। इस मौके पर सभी प्रश्नों का समाधान किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि जीपीएस प्रणाली से गन्ना सर्वेक्षण करें। यह विभाग का एक आधारभूत कार्यक्रम है जो 15 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 15 जून तक संयुक्त रूप से किया जाएगा। प्रारम्भ में 62 संयुक्त सर्वे टीम का गठन किया गया। इस बार पौधे के प्लॉट के चारों भुजाओं को जीपीएस से नाप की जाएगी, पेड़ी के प्लॉट का केवल सत्यापन किया जाएगा तथा द्वितीय व तृतीय पेड़ी का सर्वे किया जाएगा। जीपीएस से सर्वे होने से पूर्ण पारदर्शिता रहेगी।

गन्ना का सर्वे ग्रामवार, प्रजातिवार, प्लाट वार होगा। जबकि कृषकों के राजस्व रिकार्ड के आधार पर उन्ही कृषकों के नाम सर्वे दर्ज होगा, जिनके नाम अभिलेख में भूमि दर्ज है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिसौली शुगर मिल के वरिष्ठ प्रबन्धक, गन्ना ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार, सचिव ईडीपी हेड व बिसौली, शाहबाद, न्योली, मंझावली मिल के अधिकारी व सर्वे कर्मचारी रहे।

# उर्से शुजाअती के कुल शरीफ में उमड़ी मुरीदों की भीड़

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** कस्बा ककराला में चल रहे 68 वें उर्स शुजाअती में जायरीनों की आमद का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा, देश-विदेश के जायरीनों ने उर्स में शिरकत की, जिसमें दुबई, साउथ अफ्रीका, हांगकांग, सऊदी अरब, अमेरिका, कनाडा आदि देशों से जायरीन आए। इसके अलावा देश के महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली व उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, फर्रुखाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, आदि से बड़ी तादाद में अकीदतमंदों का हुजूम दरबार ए शुजाअत में उमड़ा और कुल शरीफ में शिरकत कर मज़ार ए पाक पर चादर पोशी की और अपनी मन्नतें व मुरादें मांगी।

इसके बाद रूहानी महफिल का आगाज़ तिलावत ए इलाही से हुआ, जिसमें हसीब रौनक सकलैनी व आमिल सकलैनी ने नात व मनकबत के शानदार कलाम पेश किए। प्रोग्राम की निज़ामत मुख्तार तिलहरी सकलैनी ने की। मौलाना रिफाकत सकलैनी नईमी ने एक इस्लाही और रूहानी बयान पेश किया। इसके बाद कुल शरीफ की फातिहा का एहतमाम किया गया। जिसमें साहिबे सज्जादा खानकाह ए सकलैनिया शराफतिया हुज़ूर अल्हाज गाजी मियां सकलैनी उल कादरी ने फातिहा पढ़ी, जिसमें अल्हाज मुंतखब मियां, सदिकेन मियां, हाफिज गुलाम गौस सकलैनी, हमजा सकलैनी, इंतखाब सकलैनी, महफूज़ सकलैनी, मुर्तजा सकलैनी, मुंतसिब सकलैनी, फैजयाब सकलैनी, मुनीफ सकलैनी आदि अकीदतमंद मौजूद रहे।

इस दौरान हजरत शाह सकलैन, हाफ़िज़ कैस सकलैनी, हाफिज आमिल, हाफिज अयाज़, तौसीफ सकलैनी, फराज सकलैनी, चाहत सकलैनी, हाफिज सरफराज, कमाल खान, अमन खान, अदनान खान मौजूद रहे। वहीं बदायूं लोकसभा प्रत्याशी आदित्य यादव भी दरगाह पहुंचे थे।

# अंत्येष्टि स्थल का डीपीआरओ ने किया निरीक्षण

**उघैती, अमृत विचार :** करीब 27 लाख की लागत से बन रहे उघैती गर्वी का अंत्येष्टि स्थल बनकर तैयार हो गया है। इसके निरीक्षण को पहुंची डीपीआरओ श्रेया मिश्रा ने गांव की महिला प्रधान उषा देवी एवं सचिव नीरज मिश्रा की सराहना की है।

कस्बे की गर्वी पट्टी में तमाम सुविधाओं से युक्त अंत्येष्टि स्थल के लिए ग्राम प्रधान, सचिव के अलावा प्रधान पति मुनेंद्र सिंह राठौर ने सामूहिक प्रयास किया था। प्रयास सफल रहा, करीब 27 लाख रुपये की धनराशि अंत्येष्टि स्थल को स्वीकृत की गई। 6 महीने बाद निर्माण कार्य पूरा होने के बाद डीपीआरओ श्रेया मिश्रा मौके पर निरीक्षण को पहुंची थीं। तमाम सुविधाओं को व्यवस्थित तरीके से देखकर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की।अंत्येष्टि स्थल पर शासन से स्वीकृत धन के अलावा करीब ढाई फीट की भगवान शिव की प्रतिमा निजी खर्चे पर लगाई गई है। इस प्रतिमा का अनावरण करते ही डीपीआरओ ने भी खुशी जाहिर की।

# रिश्तेदारी से लौट रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी से टप्पेबाजी

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी निवासी राजेंद्र प्रसाद सक्सेना कोर्ट से सेवानिवृत्त हैं। सोमवार सुबह वह अपनी रिश्तेदारी से पैदल घर लौट रहे थे। घर के पास बाइक सवार एक युवक मिला। उसने राजेंद्र प्रसाद को रोक लिया। पैर छूए और कहा कि वह आवास विकास कॉलोनी में रहता है। चाचा, मेरे छोटे भाई की शादी है। परिवार के साथ दावत में जरूर आना है। उसने राजेंद्र प्रसाद को झांसे मे ले लिया। अपनी नकली अंगूठी उन्हें पहनाई और उनकी सोने की अंगूठी ले ली। कहा कि चाचा छोटा भाई थोड़ी दूर खड़ा है। उसे लेकर आता हूं। इसके बाद टप्पेबाज वहां से चला गया। उन्होंने अपने साथ ठगी होने की सूचना पुलिस को दी है।

सुविधा | कोरोना महामारी के समय जिला अस्पताल में लगाया गया था ऑक्सीजन प्लांट

# बिना रुकावट होगी जिला अस्पताल में ऑक्सीजन की सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **कुछ दिनों से प्लांट खराब होने से वार्डों में सप्लाई नहीं हो पा रही थी ऑक्सीजन**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में लगा ऑक्सीजन प्लांट कई दिनों से तकनीकी कमी के कारण बंद था। जिसमें ऑक्सीजन नहीं बन रही थी। शुक्रवार को प्लांट की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। दो दिन में मरम्मत पूरी कर ली जाएगी, उसके बाद सभी वार्डों में ऑक्सीजन सप्लाई की जाएगी।

जिला अस्पताल में एनआरएचएम की ओर से ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया है। इस ऑक्सीजन प्लांट से सभी वार्डों में ऑक्सीजन सप्लाई की जाती है। जिससे मरीजों को जरूरत पड़ने पर वेड पर है ऑक्सीजन मिल सके। करीब एक सप्ताह से ऑक्सीजन प्लांट में तकनीकी कमी के कारण ऑक्सीजन नहीं बन रही थी। प्लांट पर जो ऑक्सीजन स्टाक में थी उसी से काम चलाया गया।प्लांट में कमी आने की सूचना एनआरएचएम को दी जिस पर एनआरएचएम की ओर से प्लांट की मरम्मत करने को निर्देशित किया गया। शुक्रवार को एनआरएचएम की ओर से दो टेक्नीशियन भेजे गए जिसके बाद प्लांट की मरम्मत शुरू कर दी गयी। मरम्मत करने वाले राकेश टेक्नीशियन ने बताया कि प्लांट में ऑक्सीजन तो बन रही थी मगर वह वार्ड में सप्लाई करने लायक नहीं थी। दबाव कम होने से ऑक्सीजन वार्ड तक नहीं पहुंच रही थी इसलिए प्लांट की मरम्मत की जा रही है। राकेश ने बताया कि वैसे तो हर साल नए सिरे से मरम्मत की जाती है लेकिन इस बार कमी के चलते बीच में मरम्मत की जा रही है। करीब दो दिन में मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद ऑसीजन का प्रेशर बढ़ जाएगा और फिर वार्ड तक सप्लाई पहुंच सकेगी।

वहीं सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने बताया कि प्लांट में कमी आने की बात एनआरएचएम के अधिकारियों को बतायी गयी। दो बार पत्र लिखा गया उसके बाद मरम्मत कार्य शुरू कराया गया है। फिलहाल ऑक्सीजन की अधिक जरूरत नहीं है। मरीजों की संख्या बढ़ने पर गंभीर मरीजों को ऑसीजन दी जाती है उस समय ऑक्सीजन की जरूरत अधिक होती है।



ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत करते टेक्नीशियन। ● अमृत विचार

चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
निःशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज
डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी,
• चर्म रोग,
• बवासीर,
• बालों का झड़ना,
• सर्वाइकल,
• गुप्त रोग,
• लकवा,
• मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली
प्रहलाद सक्सेना, बरेली 9 mm
अरशद, सैंथल 6 mm & 4 mm
राम, बीसलपुर 12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
निकट क्रिस्टल पब्लिक स्कूल पटियाला किचन हाउस के बराबर में
मो. 9259082174

# डरें नहीं, मतदाता भयमुक्त होकर करें मतदान

## डीएम, एसएसपी ने वोटर गाइड का किया वितरण, प्रभात फेरी निकालकर किया जागरूक

संवाददाता, एटा


कार्यक्रम के दौरान महिला मतदाता को वोटर गाइड देते हुए जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह और एसएसपी राजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त विद्यालयों से मतदाता जागरुकता प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी विद्यालय से निकलकर गांव में पहुंची और मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने एसएसपी राजेश कुमार सिंह, सीडीओ डा. एके बाजपेयी सहित अन्य अधिकारियों के साथ एटा लोकसभा क्षेत्र की 105-मारहरा विधानसभा क्षेत्र एक विद्यालय पर पहुंचकर वोटर गाइड वितरण एवं प्रभात फेरी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। डीएम ने इस दौरान मौजूद ग्रामीणजनों को वोटर गाइड वितरित करते हुए 07 मई को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कहा कि पोलिंग स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं, किसी भी मतदाता को डरने की जरूरत नहीं हैं, सभी मतदाता भयमुक्त होकर अपने मत का प्रयोग करें। प्रयास करें कि गांव के अन्य लोग जो विभिन्न स्थानों पर रह रहे हैं, उनको बुलाया जाए जिससे कि अधिक से मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो सके।

डीईओ ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार जनपद की तीनों लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वोटर गाइड प्रत्येक परिवार को वितरित की जा रही है। लोग मतदान के प्रति अधिक से अधिक प्रेरित हों, उनकी जो भी जिज्ञासाएं हैं वह इस वोटर गाइड के माध्यम से से दूर की जा सकती हैं। इसके साथ ही प्रत्येक गांव में आज विद्यालयों से प्रभात फेरी के माध्यम से भी घर-घर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर बीएसए दिनेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षाधिकारी, थाना प्रभारी, ग्राम प्रधान, भारी संख्या में ग्रामीणजन, मतदाता आदि मौजूद रहे।

### अवागढ़ में निकाली मतदाता जागरुकता रैली



**अवागढ़।** मतदान जागरुकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के जलेसर रोड स्थित जनता इंटर कॉलेज से मैन बाजार, जलेसर रोड, अखाड़ा चैराहा, रोडवेज तिराहा, होते हुए नगर की गलियों में प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव के नेतृत्व में मतदान जागरुकता रैली निकाली गई, जिसमें कॉलेज के एक हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर आगामी लोकसभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने तथा अपने आसपास के मतदाताओं को भी मतदान करने के की अपील की। प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव, स्वीप प्रभारी डॉ सुधीर उपाध्याय, डॉ एसएन यादव, विवेक दुबे, बीएलओ मेहरबान सिंह, रणवीर कुमार सिंह परमार, मुराही शर्मा, आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**एटा।** आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह और एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने थाना पिलुआ क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय वरिगवा वि .ख . निधौली कलां में उन्होंने मतदाताओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान हर भारतीय नागरिक का अधिकार है और सभी को अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही, युवाओं को भी मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। आमजन से संवाद स्थापित किया और शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपील की गई।

## हजारा नहर रेल पुल के नीचे मिला युवक का शव

**कासगंज, अमृत विचार :** हजारा नहर रेल पुल के नीचे शुक्रवार की सुबह लगभग 28 वर्षीय युवक का शव मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए, शिनाख्त न हो पाने की स्थिति में अज्ञात में पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव देखने से लगभग 20 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

गांव नदरई की नई बस्ती निवासी चौकीदार भूरेखां पुत्र जमील ने सुबह नदरई चौकी इंचार्ज नरेश कुमार को सूचना दी कि हजारा नहर रेल पुल के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जब यह आसपास के गांवों में फैली तो बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और शव को लेकर तरह तरह की चर्चाएं करने लगे। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक नरेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव की शिनाख्त के प्रयास किए, प्रयास के बावजूद भी जब शव की पहचान न हो सकी तो अज्ञात में पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 28 वर्ष है।

## काउंसलिंग के बाद एक साथ रहने को राजी हुए दंपती


महिला थाना में साथ खड़े पति-पत्नी एवं मौजूद केंद्र के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैंपस नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र ने एक परिवार को समझाकर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया।

सकीट थाना क्षेत्र के ग्राम मलिगांव निवासी युवती की शादी जनपद फिरोजाबाद के खैरगढ़ थाना क्षेत्र ग्राम ककहरा निवासी के साथ हुई थी। किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था। आपसी मतभेद के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी। दोनों परिवारों को काउंसलिंग करके समझाया गया। दोनों अपनी गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए राजी हो गए। आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक, काउंसलर, ब्रह्मवती, बृजबाला वशिष्ठ, और पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल, मिथलेश पूजा मौजूद रहे।

## सारे काम छोड़ो, सबसे पहले वोट दो

संवाददाता, एटा


मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह व स्कूल स्टाफ के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह विकास खंड निधौलीकलां के कई स्कूलों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने बैनर, रंगोली आदि की माध्यम से मतदान के महत्व को समझाया गया। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों ने रैली निकाली।

जिलाधिकारी और एसएसपी प्राथमिक विद्यालय वरिगवां विकास खंड निधौलीकलां एटा में पहुंचे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरुक किया गया। स्कूल बच्चों ने भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया। इस दौरान बच्चे सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के नारे लगा रहे थे। बच्चे लोगों से मतदान करने की अपील भी कर रहे थे। इस रैली में स्कूलों के करीब सैकड़ों बच्चे शामिल हुए। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों में रैली निकालकर जागरुक किया गया, जिलाधिकारी और एसएसपी मतदान के लिए शपथ दिलाई।

### स्कूली बच्चों संग एसडीएम ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली



**एटा।** एसडीएम सदर भावना विमल ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया और मतदान के लिए संकल्प दिलाया। एसडीएम सदर शुक्रवार को आदर्श जूनियर हाईस्कूल कैलाश मंदिर एटा पहुंचीं। बच्चों के साथ आसपास मतदाता जागरुकता रैली निकाली। एसडीएम ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वह घर जाकर अपने माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्यों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके बाद एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरुकता रैली को रवाना किया। उन्होंने बच्चों के साथ क्षेत्र में रैली निकाल लोगों को जागरूक किया। इस दौरान एसडीएम ने लोगों को मतदान के लिए शपथ दिलाई।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**जलेसर, अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरुकता अभियान के तहत नगर के एमजीएम इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली तथा लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया। जागरुकता रैली के उपरांत राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. श्याम बिहारी तिवारी ने लोकतंत्र के बनो बराती वोट डालने चलो रे साथी के संबोधन के साथ कहा की मतदान का दिन पर्व का दिन है लोकतंत्र के पावन पर्व पर सारे काम छोड़कर मतदान अवश्य करें। 7 मई को होने वाले लोकसभा के चुनाव में अपना अमूल्य वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अचल सिंह, राजकुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, अशोक मौर्य, धर्मेंद्र पाल सिंह, मोहित बंसल, शिवम यादव, मोहम्मद आरिफ, गजेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, अजीत सिंह, संजीव मौर्य, राहुल श्रीवास्तव, विशेष कुमार, सुधा गुप्ता, ज्योति सिंह आदि शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज।** अमांपुर थाने के उपनिरीक्षक रनवीर सिंह ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान व्यक्ति के पास से 25 क्वार्टर अवैध देसी शराब के बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताय कि आरोपी गुनीराम निवासी फकोता थाना अमांपुर को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसों में ग्रामीण की मौत, छह घायल

**जैथरा, अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। जनपद फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला अनूप निवासी कल्लू उर्फ सुदेश (50) पुत्र सोवरन सिंह गुरुवार शाम को मोटर साईकिल से दिल्ली जा रहे थे। दिल्ली में वह कबाड़े का काम करते थे। जैसे ही बाइक जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम धरौली के समीप पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचित करते हुए सुदेश को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि उपचार के दौरान गुरुवार की देर रात सुदेश की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। अन्य सड़क हादसों में कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला अवंतीबाई नगर निवासी पंकज कुमार (35) पुत्र सुरेश चन्द्र, कार्तिक (6) पुत्र हरेन्द्र सिंह, सिढपुरा के गांव बाजिदपुर निवासी धर्मेन्द्र (25) पुत्र महावीर सिंह, गिरजा देवी (24) पत्नी धर्मेन्द्र सिंह, जनपद मैनपुरी के कुरावली थानान्तर्गत ग्राम सलेमपुर निवासी संतोष (35) पुत्र दयाराम सिंह, पुरुषोत्तम (19) पुत्र क्षत्रपाल सिंह घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।


मृतक सुदेश

### उत्पाती ने पुलिस पर किया पथराव, वीडियो वायरल

**जलेसर।** एक व्यक्ति द्वारा उत्पात मचाने की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची, जहां युवक ने छत से पुलिस पर पथराव शुरू किया। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह जान बचाई। बाद में काफी मशक्कत के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया। घटना जलेसर थाना क्षेत्र के खानपुर गांव की है। गांव के लोगों ने 112 नंबर पर कॉल करके सूचना दी कि एक शराबी युवक गांव में उत्पात मचा रहा है। पुलिस गांव पहुंची तो युवक ने छत से पुलिस पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें युवक पत्थर फेंकता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने खुद को सुरक्षित करने के बाद उत्पाती को पकड़ा और उसे कोर्ट में पेश किया गया। उसे जेल भेज दिया गया है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Admission Open 2024-25
योगा सिखायें स्वस्थ रहें

COURSE OFFERED
PGDYN
Post Graduate Diploma in Yoga and Naturopathy
Course Duration : 1 year
योग्यता : स्नातक
Contact : 8755922339
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India
Email : ramchorg@gmail.com

## रेलवे लाइन से तांबे के तार चोरी का आरोपी गिरफ्तार


पुलिस की हिरासत में आरोपी।

**एटा अमृत विचार :** थाना बागवाला पुलिस ने रेलवे लाइन से तांबे के तार चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई का निर्देशन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने दिया।

गिरफ्तार आरोपी विकास पुत्र रघुराज सिंह, निवासी ग्राम तालीमपुर खेरिया, थाना बागवाला, जनपद एटा है। आरोपित के कब्जे से 39 टुकड़े तांबे के तार भी बरामद किया गया है। जिनका वजन करीब 25 किलो 335 ग्राम है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष संजयपाल सिंह राघव के नेतृत्व में थाना बागवाला पुलिस ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम आशीष सागर (Ashish Sagar) अंकित है। मैने अपना नाम आशीष सागर से बदलकर आशीष सिंह (Ashish Singh) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पहचाना जाये।
**आशीष सिंह पुत्र स्व. पप्पू सिंह निवासी 212, बिलवा इलाका नगरिया, तह. फरीदपुर, जिला बरेली (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

